छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा प्रथम सत्र अंक-11

रायपुर, शनिवार, दिनांक 8 फरवरी, 2014

(माघ-19, शक संवत 1935)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई ।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए ।

श्री अजय चंद्राकर-संसदीय कार्य मंत्री, श्री टी.एस.सिंहदेव- नेता प्रतिपक्ष एवं श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवार के लिए संवेदना प्रकट की गई।

(दिवंगत के सम्मान में सदन की कार्यवाही 11.10 बजे स्थगित होकर 11.17 बजे पुनः प्रारंभ हुई।)

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)

2.वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक का उपस्थापन

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

3.अध्यक्षीय दीर्घा में अतिथि

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि अध्यक्षीय दीर्घा में श्री मोतीलाल वोरा, राज्यसभा सदस्य उपस्थित हैं, सदन उनका स्वागत करता है ।

4.वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक का उपस्थापन (क्रमशः)

माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से दिनांक 10 एवं 11 फरवरी, 2014 की तिथियाँ आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए नियत की।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा की गई कि - आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचना सोमवार, दिनांक 10 फरवरी, 2014 को अपराह्न 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती है। कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने के प्रपत्र सूचना कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

अपराह्न 12.34 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनाँक 10 फरवरी, 2014 (माघ 21, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा